पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने गुरूनानक जयन्ती और कार्तिक पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी

लखनऊः 26 नवम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गुरूनानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

आज जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल जी ने कहा कि गुरु नानक जी ने हमें समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा दी। हम उनकी शिक्षाओं को अपनाकर उनके बताए हुए रास्ते पर चलें और समाज कल्याण की भावना के साथ कार्य करें।

उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व लोगों को प्रकृति से जोड़ता है और नदियों के महत्व को भी स्थापित करता है।

राज्यपाल जी ने प्रदेशवासियों से गरूनानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा पर्व को प्रेम और सद्भाव से मनाने तथा नदियों में स्वच्छता बनाये रखने का आह्वान करते हुए प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की है।

डॉ. सीमा गुप्ता–सहायक निदेशक,
कृष्ण कुमार सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361